प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 सितंबर 2022

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार और जमा दरें – सितंबर 2022

सितंबर 2022 महीने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की उधार और जमा दरों पर आंकड़े।

मुख्य बातें

उधार दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) जुलाई 2022 में 8.18 प्रतिशत से 15 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर अगस्त 2022 में 8.33 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर 14 बीपीएस बढ़कर अगस्त 2022 में 9.13 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधियों की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका अगस्त 2022 में 7.65 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2022 में 7.75 प्रतिशत हो गई।
- जून 2022 के अंत में एससीबी के कुल बकाया अस्थायी दर रुपया ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) संबद्ध ऋणों का शेयर 46.9 प्रतिशत था, जबकि एमसीएलआर संबद्ध ऋणों का शेयर 46.5 प्रतिशत था।

जमा दरें:

- एससीबी की बकाया रुपया सावधि जमा पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जुलाई 2022 में 5.22 प्रतिशत से 7 बीपीएस बढ़कर अगस्त 2022 में 5.29 प्रतिशत हो गई।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/976